सार-समाचार

'सेवा से वात्सल्य भाव प्रकट होते हैं'

जोधपुर, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि सा ने अपने नित्यप्रवचन में कहा कि परमात्मा कहते है कि अग्लान भाव से सेवा करने वाला व्यकि को महत्वपूर्ण बताया है। जरूरतमंदकी सहायता करने से वात्सलीय भाव प्रकट होकर नया बोध मिलता है। किसी की अनुकम्पा कर सहायता कर दु:ख से ऊपर उठाते है तो आपकी भी कई विपतियां टल सकती है। धैर्य की कमी के कारण कोई गलत कार्य हो भी जाय तो अपने बोध के जगने पर अपनी गलती स्वीकार करआगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि यतना धर्म की माता है। रास्ते में पड़े हुए पत्थर आदिकों को हटाने पर अनेक व्यक्कि ठोकर खाने से बच सकते है लेकिन उसी पत्थर को अज्ञातना पूर्वक फेंकने से आपके हिंसा व देष भाव जग सकते हैं। बताया कि एक छात्र परीक्षा देने जा रहा था, रास्ते में घायल व्यक्ति तड़प रहा था, छात्र ने परीक्षा छोडकर घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसका जीवन बचा लिया। छात्र के पिता ने अपने बेटे को प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व साध्वी नगीना श्री जी ने कहा कि परमात्मा के छोडे हए कार्मण पुद्गलो मैं अपार शक्ति होती है। गुरु माता-पिता के पुद्गलो मे सदभावना एवं वात्सल्य के शतिशाली पुद्गल रहते हैं, भले ही वह आज जीवित नहीं है लेकिन उनके आशीवाद व दुआयें फलीभूत होती है। साध्वी ने कहा कि गुरु जो फरमा रहे है वह धारण करना, किसी को दु:ख हुआ उसकी पीड़ा मुझे मालूम पड़ जाये यह धारंगत वात्सल्य है। सारंगत वात्सल्य में मैं भी प्रभु जैसा बन जाऊप्रभु महावीर के समान गौतमस्वामी बन गये। आज जेपीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारसमल गादिया मुनि भगवंतों के दर्शनार्थ जोधपुर पहुंचे।

शव हिन्दू सेवा मंडल के सुपुर्द किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा स्थित खासबाग एरिया में पंद्रह दिन पहले एक खानाबदोश संदिग्ध हालात में झुलसा था। उसे एंबुलैंस की मदद से एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवा मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की पूरी तरह पहचान नहीं हो पाई। बाद में शव हिन्दू सेवा मंडल को सुपुर्द कर दिया गया। इस बारे में रातानाडा पुलिस की तरफ से मर्ग दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरंभिक पड़ताल में उसे खानाबदोश माना है। दरअसल 16-17 जुलाई को खासबाग एरिया में एक व्यक्ति जली हुई हालात में पड़ा था। जिसे बाद में एंबुलैंस की मदद से एमडीएम अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। मगर इस बीच उसकी मौत हो गई। उसका नाम राजूराम बताया गया और उम्र तकरीबन 52 साल के आस पास थी। रातानाडा थाने के हैडकांस्टेबल विक्रम के अनुसार शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। कई दिनों तक उसके परिजन की तलाश की गई मगर वह नहीं मिले।

खेल प्रतिभाओं का सम्मान

जोधपुर, (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में बुधवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन की 54वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि संगठन के जयपुर संभाग की ओर से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सेना बनाड़ से हैंडबॉल बालक वर्ग अंडर 14 में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय की हैंडबॉल बालिका अंडर 17 टीम से पांच बालिकाओं ने भी राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। हैंडबॉल बालक अंडर 14 की टीम की कप्तानी मोहित चौधरी द्वारा की गई व हर्ष चौधरी को पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल करने का गौरव प्राप्त हुआ। यशराज ने श्रेष्ठ गोलकीपर की भूमिका निभाई। अंडर 14 बालक टीम के सदस्य के रूप में परीक्षित, गौरव, आदित्य, अभिषेक, वसंत, अरसलान, खुशवंत, अंकित जयदीप, हर्षवर्धन, राजकुमार शामिल थे, वहीं बालिका वर्ग में प्रतिभा, ऋतिका, कशिश, सीता, कंचन ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने इस उपलब्धि के लिए शारीरिक स्वास्थ्य शिक्षा शिक्षक बद्री नारायण के प्रयासों की सराहना की। टीम का अनुरक्षण कार्य सुश्री पायल वर्मा ने किया।

जन्म-मृत्यु पंजीयन व ई-ग्राम का प्रशिक्षण

रेवदर, (निसं)। ब्लॉक स्तरीय जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं ई-ग्राम का प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक स्तरीय जन्म-मृत्यु एवं विवाह रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रशिक्षण पंचायत समिति सभागार, शिवगंज में जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक सीयाराम मीना एवं ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी, रेवदर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक शिवगंज के सभी रजिस्ट्रार और उप रजिस्ट्रार उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर प्रणवीर सिंह व सहा.साख्यिकी अधिकारी द्वारा जन्म-मृत्यु एवं विवाह रजिस्ट्रीकरण हेतु विस्तार से प्रशिक्षण दिया तथा पहचान पोर्टल के बारें विभिन्न नवीन संशोधनों व तकनिकी समस्याओं के निवारण कि भी जानकारी दी गई। द्वितीय पारी में मास्टर ट्रेनर द्वारा ई-ग्राम परियोजना वर्ष 2०25-26 के लिए प्रमाणित सूचना संकलन एवं दिशानिर्देश अद्यतन के बारें में सभी ई-ग्राम प्रभारियों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी शिवगंज में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं उनकी जिज्ञासाओं का समुचित उत्तर देकर समाधान किया गया।

सालवा कलां व केलावा कलां में पौधारोपण

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरु प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशन में यूनिवर्सिटी सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के चतुर्थ चरण के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए ग्राम सालवा कलां एवं केलावा कलां में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेदिक औषधीय पौधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर डॉ. अमित गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत खेजड़ी और आंवला जैसे पौधों का रोपण किया गया, जो न केवल पर्यावरण के लिए उपयोगी हैं, बल्कि आयुर्वेद चिकित्सा में भी बहुप्रयुक्त हैं। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. रमेश बुड़ानिया एवं डॉ मनोज मथुरिया स्नातकोत्तर अध्येता, रचना शारीर विभाग एवं श्यामलाल विश्नोई योग सहायक का योगदान रहा।

वाहन ने सड़क पर श्वान को कुचला

जोधपुर, (कासं)। शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र पावटा सी रोड सडक़ पर किसी वाहन चालक ने सड़क पर श्वान को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। एक महिला ने वाहन नंबर के आधार पर उसके चालक के खिलाफ अब केस दर्ज कराया है। महामंदिर पुलिस वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि मूलत: भरतपुर बयाना हाल लाल मैदान सीनियर सैकण्डरी स्कूल के पास रहने वाली नीलम कुमारी ने एक वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी है। इसके अनुसार पावटा सी रोड पर एक मॉल के निकट सड़क पर किसी वाहन चालक ने लापरवाही से गाड़ी को चलाते हुए श्वान को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अब वाहन के नंबर से चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

महिला के यौन शोषण का मामला दर्ज

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम के एक पुलिस थाने में महिला ने अपने रिश्तेदार पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने जीरो नंबरी एफआईआर को नागौर भेजा है। संबंधित थाना अब इसमें पड़ताल करेगा। पुलिस के अनुसार एक शादीसुदा महिला ने अपने रिश्तेदार पर आरोप लगाया। वह उसके साथ में लिव इन में थी। उसका रिश्तेदार भी शादीसुदा है। वह दोनों यहां जोधपुर में आकर रहने लगे। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। इस पर वह पुलिस के पास पहुंची और केस दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार मामला नागौर जिले के डेगाना का है। ऐसे में बगैर नंबर की एफआईआर को वहां भेजा गया है। संबंधित थाना पुलिस द्वारा इस बारे में जांच की जाएगी।

जय शंकर त्रिवेदी उपाध्यक्ष नियुक्त

पाली, (नि.सं.)। राष्ट्रीय परशुराम परिषद् के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील भराला एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश चन्द्र द्विवेदी के अनुमोदन पर जयशंकर त्रिवेदी को राष्ट्रीय परशुराम परिषद् का प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय परशुराम परिषद् भारत वर्ष के 15 राज्यों में मुख्य समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में तत्परता से कार्य कर रही है।

नेत्र चिकित्सा शिविर आज

पाली, (नि.सं.)। पाली सेवा मंडल एवं जिला अन्धता निवारण समिति पाली के संयुक्त तत्वावधान में 31 जुलाई को पाली सेवा मंडल अस्पताल नया गांव पाली में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रात: 9 से 1 बजे तक रहेगा।

साइबर अपराधों से बचाव पर विधिक जागरूकता शिविर लगाया

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोतरा द्वारा आज मेहताब देवी मिश्रीमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को साईबर अपराधों से बचाव, सतर्कता एवं उपलब्ध कानूनी उपचार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोतरा, श्री सिद्धार्थ दीप ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तेजी से बढ़ते डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन उत्पीड़न और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। श्री दीप ने साइबर हमलों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां और उपायों पर जोर दिया, ताकि विद्यार्थी इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारी से उपयोग कर सकें।

शिविर में विश्व मानव दुव्र्यापार विरोध दिवस के परिपेक्ष्य में विद्यार्थिगण को मानव तस्करी और बाल श्रम, जो समाज में एक गंभीर समस्या बनी हुई है के बारे में भी अवगत करवाया गया। मानव तस्करी से संबंधित मुद्दों पर श्रीसृष्टि सेवा संस्थान के प्रतिनिधि राजेन्द्र सैनी द्वारा विद्यार्थियों को मानव तस्करी के विभिन्न रूपों, इसके परिणामों और पीड़ितों की पहचान तथा सहायता के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बाल श्रम के खिलाफ कानूनी प्रावधानों और बच्चों को शोषण से बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया। जागरूकता शिविर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री यशवन्त, शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उप कारागृह का निरीक्षण

एम.आर. सुथार, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), बालोतरा तथा अपर जिला न्यायाधीश सिद्धार्थ दीप, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोतरा ने किया औचक निरीक्षण।

जेल में कुल 102 बंदी निरूद्ध पाए गए जो कारागृह की क्षमता 55 से अधिक है। अधिक संख्या को देखते हुए मूलभूत आवश्यकता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए।

जेल निरीक्षण के दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा कारागृह में निरूद्ध बंदियों से पृथक-पृथक संवाद किया गया तथा उनके प्रकरणों की नियमित पैरवी के लिए, नि:शुल्क अधिवक्ता स्कीम के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल की उम्र से कम का नहीं पाया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने नालसा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान जिसमें ऐसे बंदीगण जो वृद्ध (70 वर्ष) है अथवा लाईलाज बीमारियों से पीड़ित है के बारे में जानकारी प्राप्त की, एवं ऐसा कोई बंदी कारागृह में निरूद्ध नहीं पाया गया।

अध्यक्ष एम.आर. सुथार ने उपकारापाल मनोहर सिंह भाटी व कारागृह स्टॉफ के साथ बैठक की और कैदियों की विभिन्न समस्याओं, जैसे कि स्वास्थ्य, भोजन, और रहने की व्यवस्था के बारे में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कारागृह में बन रहे सायंकालीन भोजन व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा गुणवत्ता की जांच भी की गई। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी कैदियों को नि:शुल्क कानूनी सहायता और विधिक परामर्श मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं वर्षा ऋतु में बंदीगण को मूलभूत आवश्यकता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ थानसिंह, डिप्टी डिफेंस काउंसिल नीरज चैधरी, असिस्टेंट कृष्णपाल सिंह व उपकारगृह के उपाधीक्षक मनोहर सिंह भाटी उपस्थित रहे।

पुलिस ट्रेनिंग सेंटर जोधपुर में अंगदान जागरूकता संगोष्ठी हुई

जोधपुर, (कासं)। जुलाई माह अंगदान जागरूकता के रूप में मनाया जा रहा है। आज राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर जोधपुर में अंगदान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए एमडीएम अस्पताल यूरोलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर छांवरलाल ने अंगदान की आवश्यकता और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला और जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा-अंगदान की प्रक्रिया सिर्फ चिकत्सकों का दायित्व नहीं है पूरे समाज को इस पुनीत कार्य में सकारात्मक रूप से जुड़ना होगा तभी यह कार्यक्रम सफल होगा।

नेफ्रोलॉजी विभागध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अंगदान केवल वेंटिलेटर पर रहे ब्रेन डेड मरीज से ही लिया जा सकता है। ब्रेन डेड मरीज को चिन्हित करने की कानूनी और मेडिकल प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सरकार के द्वारा चिन्हित अस्पतालों में पूर्व निर्धारित चिकित्सक कमेटी द्वारा घोषित ब्रेन डेड रोगियों से ही अंग लिऐ जा सकते हैं और यह अंग कम से कम 9 से 11 लोगों की जान बचा सकते हैं।

यूरोलॉजी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर गोवर्धन चौधरी ने बताया कि भारत में 90 प्रतिशत से अधिक हृदय, किडनी या लीवर फेलियर जैसी गंभीर बीमारियों रोगी अंगदान का इंतजार करते हुए ही मर जाते हैं, क्योंकि सामाजिक जागरूकता के अभाव में ब्रेन डेड रोगियों से अंगदान की दर अभी भी अत्यधिक कम है। अधिकांश लोगों के घर में कोई योग्य जीवित दाता मिल नहीं पाता है।

इसके अलावा हार्ट और स्वसन रोग के रोगियों के लिए फैफड़ें का ट्रांसप्लांट तो केवल ब्रेन डेड रोगियों से संभव है।

इस अवसर पर चार सौ से अधिक कर्मचारियों ने अंगदान की ऑनलाइन शपथ ली। पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट रविराज सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के 400 से अधिक ट्रेनी कांस्टेबल और अधिकारी उपस्थित थे।

मिर्गी रोगियों की नि:शुल्क चिकित्सा को सराहा

जोधपुर, (नि.सं.)। हर माह आयोजित होने वाले नि:शुल्क मिर्गी शिविर की कड़ी में 326 वें कैंप का आयोजन श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में किया गया। श्रीधर शिक्षण संस्थान की सचिव डा पद्मजा शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र दिवाकर और वरिष्ठ पत्रकार राकेश गांधी ने किया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण और शॉल उड़ाकर कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र दिवाकर ने कहा कि 27 वर्ष से लगातार मिर्गी रोगियों की नि:शुल्क चिकित्सा के साथ इनके जीवन में एक नया उत्साह पैदा करना और इनके सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन से इनको मिर्गी से मुक्त ही नहीं किया जा रहा बल्कि इनके रोजगार की व्यवस्था कर इनको डिप्रेशन से बाहर लाकर समाज की मुख्यधारा में सामान्य नागरिक जीवन जीने का सम्मान देना एक बड़ा कार्य इन कैंपों में किया जा रहा है। इसके लिए मैं डॉ. नगेंद्र शर्मा और उनकी टीम को साधुवाद देता हूं। पत्रकार राकेश गांधी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से चल रहे कैंपों का मैं सबसे बड़ा साक्षी हूं। इन कैंपों के बारे में मैं लगातार लिख रहा हूं।

उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य शुरु तो किया जा सकता है , लेकिन उसको लगातार जारी रखना एक भागीरथी प्रयास होता है। 27 वर्षों से लगातार इन कैंपों का आयोजन कर डॉ. नगेंद्र शर्मा ने पूरे मिर्गी रोगियों की सोच में आमूल चूल परिवर्तन किया है। जिस बीमारी का अंधविश्वास के सहारे इलाज किया जाता था, आज वो एक ब्रेन की बीमारी के रूप में जानी जाती है और मरीज अपना इलाज करवाकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ये इन शिविरों की बड़ी उपलब्धि है। मैं अपने दिल से डॉ. नगेंद्र शर्मा और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं और कहा कि इन कैंपों में मरीजों का एक परिवार के सदस्य की तरह इलाज किया जाता है जो एक चिकित्सक की मानव सेवा के लिए समर्पित जीवन को दर्शाता है।

डॉ. नगेंद्र शर्मा ने बताया कि आज शिविर में 322 मरीजों का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया ।अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया, क्योंकि कैंप में आकर उन्होंने मरीजों का हौसला अफजाई की।

शिविर संयोजक किशन प्रजापत और महावीर शर्मा के अलावा , वंदना राठौड़, शंकरलाल , पुखराज, दीपक सिंह , कृष्ण गर्ग, नेमीचंद शर्मा, हरीश शर्मा और छायाकार दिनेश पुरी ने अपनी सेवाएं दी।

महिलाओं ने पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर राजसुगम सेवा संस्थान के तत्वावधान में बाइपास रोड के पास शमशान घाट में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया।

इस दौरान शमशान घाट में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की सचिव रविना कुमारी ने बताया कि शुद्ध वायु, पर्यावरण के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को पर्यावरण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आ ान किया। इस दौरान महिलाओं ने कनेर, अनार, इमली, गुलमोर, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फूलदार व औषधीय महत्व के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की हुआदेवी के अलावा नरेगा मेट नीतू, सुंदर, देवी, सोरम, दरियादेवी, शोभा, मतरा, कोकूदेवी, डाकूदेवी, भंवरी, बटी, मंगनी, माफी सहित कई महिलाएं मौजूद रही। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 25 पौधे रोपे गए।

साइबर क्राईम से बचाव के तरीके बताए

जोधपुर, (कासं)। विप्र फाउंडेशन युवा मोर्चा और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में साइबर क्राईम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में जोधपुर साइबर सेल के एसीपी पुष्पेंद्र सिंह ने साइबर क्राइम के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम दो प्रकार का होता है जिसमें पहले किसी के खाते से पैसे निकाल लेना या उन्हें आर्थिक तौर पर नुकसान पहुंचाना है, जबकि दूसरा साइबर क्राइम किसी के अश्लील फोटो या वीडियो लेकर ब्लैकमेल करना है। इसलिए आमजन इससे सावधान रहे और किसी भी प्रकार के अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करें। अपनी निजी फोटो को सोशल मीडिया पर प्रसारित नहीं करें।

इसके साथ उन्होंने किसी भी प्रकार की ठगी होने पर साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाने को लेकर भी जानकारी दी। कार्यकम में एमबीएम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सुशील सारस्वत का सम्मान किया गया।

सरदार पटेल पुलिस यूनिवर्सिटी के डॉ. अभिषेक शर्मा ने कहा कि साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। यदि किसी की पर्सनल फोटो या एडिटेड वीडियो किसी भी प्रकार से सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है तो उसके लिए एक वेबसाइट है जिस पर क्लिक कर आप अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। जिसमें 24 घंटे के अंदर फोटो हटा सकते हैं। इसके अलावा यदि यूपीआई पेमेंट के जरिए भी धोखाधड़ी हुई है और उसका समाधान एक माह में नहीं होता है तो आरबीआई में भी शिकायत कर सकते हैं। इसको लेकर उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

विप्र फाउंडेशन राजस्थान प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन के बैनर तले आज युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है और सामाजिक उत्थान को लेकर कार्य किए जा रहे हैं।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि आज के समय में साइबर ठग विशेष तौर पर नौकरीपेशा उद्यमी और प्रोफेशनल लोगों को निशाना बना रहे हैं। इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है। इस तरह की वर्कशॉप से लोगों को खुद जागरूक रहकर दूसरों को भी जागरूक करने का मौका मिलता है।

अधिक से अधिक संख्या में लोग आगे से आगे एक दूसरे को साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरुक करते रहें। वरिष्ठ वकील हस्तीमल सारस्वत ने कहा- साइबर क्राइम से बचाव ही उपचार है, इसलिए जागरूक रहे। महावीर चौपड़ा से सभी को साइबर ठगी से बचाव को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी। दिनेश कल्ला ने धन्यवाद भाषण दिया। मंच संचालन महेंद्र उपाध्याय ने किया।

मंजू सोलंकी ने पौधा लगाया

जालोर, (कासं)। भाजपा महिला मोर्चा जालोर की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने अपना जन्मदिन स्कूल के बच्चों के साथ एक प्रेरणादायक रूप देते हुए सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। उन्होंने पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि प्रकृति का सम्मान ही भविष्य का निर्माण है।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों एवं महिलाओं को पौधे वितरित किए गए I ताकि अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण से जुडें। इस कार्यक्रम में संजू दवे संगीता , शिल्पा, निकिता कर रिचा शर्मा शोभा प्रमिला, कंचन, पूजा सोलंकी, प्रमिला, जया, अंजु, रितु, शिल्पी मुकेश, चेलाराम , डुगाराम, निर्मल सहित कई जने उपस्थित रहे।

'कथावाचक का कहना गलत, प्रशासन ने मना नहीं किया'

जालोर, (कासं)। जालोर में कथावाचक अभयदास मामले को लेकर मंगलवार को रात्रि करीब 9 बजे एडीएम कार्यालय में एडीएम राजेश मेवाडा, एसपी मोटाराम गोदारा डिप्टी हेमंत जैन एसडीएम मनोज कुमार की उपस्थिति में प्रेस वार्ता की गई।

प्रेस वार्ता में एडीएम मेवाडा ने बताया कि कथावाचक द्वारा बार-बार बयान दिया जा रहा है कि उन्हें जिला प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही है, यह गलत है। जबकि ऐसा नहीं है जिला प्रशासन द्वारा अनुमति देने को लेकर मना नहीं किया गया है। कथा को लेकर जिस जिस ने भी आवेदन किया। सभी ने अपना आवेदन वापस लिया। जिस कारण अनुमति प्रदान नहीं की गई। वहीं मंगलवार को सुरेश नोरवा द्वारा लेटा में कथा करने को लेकर आवेदन किया गया है । जिसकी जांच करने के बाद आगे अनुमति देने को लेकर कार्रवाई की जाएगी।

उनके आवेदन को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा कथा स्थल व यातायात व्यवस्था तथा आयोजन समिति के शपथ पत्र प्राप्त करने के बाद अनुमति देने की कार्यवाही की जाएगी। वही बुधवार को लेटा में भी कथा करवाने को लेकर मनाही सुरेश नौरवा ने बताया कि लेटा में कथा करवाने को लेकर लेटा मठ से मना किया गया है। ऐसे में कथावाचक के कथा के लिए अब कौन आगे आता है।

ऐसे में कथावाचक द्वारा पुलिस व प्रशासन के खिलाफ बयान देने की पुलिस व प्रशासन अनुमति नही दे रही है। जबकि पुलिस व प्रशासन कथा की अनुमति देने से मना नही किया गया है।

कथा स्थल व कथा की अनुमति लेने वाले आगे आने पर पूर्ण जांच करने के बाद अनुमति देने को लेकर कार्रवाई की जायेगी।

हुकमीचंद माली टेंट लाइट किराया व्यवसायी समिति के जिलाध्यक्ष

जालोर, (कासं)। जिला टेन्ट लाइट किराया व्यवसायी समिति जालोर के चुनाव में जिलाध्यक्ष के पद हुकमीचंद माली को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ।

टेंट लाइट किराया व्यवसायी समिति जालोर के जिलाध्यक्ष के लिए 4 नामांकन हुकमीचंद माली, कालूराम सोलंकी जालोर, हरिसिंह बागरा व दिनेश राजपुरोहित सांचोर ने प्रस्तुत किये। कालूराम, हरिसिंह व दिनेश राजपुरोहित ने नामांकन वापस लिया। संरक्षक दिनेश व्यास ने हुकमीचंद माली को निर्विरोध जिलाध्यक्ष घोषित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजूराम सोलंकी ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हुकमीचंद माली का स्वागत किया। इस दौरान ओमपुरी गोस्वामी, चम्पा लाल सुथार, नवजी सुथार आहोर भारद्वाज पोकर प्रजापत संरक्षण थानमल प्रजापत, दिनेश व्यास सांचोर, नवीन खत्री भीनमाल से तेजाराम प्रजापत जसवंतपुरा महेंद्र सुथार बाकरा रघुनाथ सुथार चितलवाना लाखाराम छिपा रानीवाडा वालाराम माली कृष्ण चौधरी चोथाराम माली भूराराम चुन्नी लाल बाबुलालजी बागोडा जोगाराम प्रजापत प्रकाश हलवाई ललीत राजपुरोहित नवाराम पुरोहित सांचोर नृसिंभाई देवासी भेराराम जाट श्रवण कुमार मोहन कडवासरा सांचोर विक्रम सुनदेशा मफतलाल पुरोहित सहित कई टेन्ट व्यापारी उपस्थित थे।

सावन महोत्सव 2 अगस्त से

- सावन महोत्सव का आयोजन विद्यानगर स्थित समाज भवन में किया जाएगा

जोधपुर, (कासं)। "श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज विद्यानगर, जोधपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय सावन महोत्सव का आयोजन दो एवं तीन अगस्त को विद्यानगर स्थित समाज भवन में किया जाएगा। आज समाज के प्रबुद्ध जन और महिलाओं ने सावन महोत्सव के बैनर का विमोचन किया।

अध्यक्ष पार्षद भीमराज राखेचा ने बताया कि द्दो दिवसीय सावन महोत्सव का शुभारंभ दो अगस्त को होगा। कार्यक्रम में मिस एंड मिसेस प्रतियोगिता में मिस एवं मिसेज वर्ग की छात्रा, महिलाएं प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगी । सचिव प्रकाश पंवार एडवोकेट ने बताया कि सावन महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें दोपहर 02 से 03 बजे मेहन्दी,दोपहर 03 से 04 बजे म्युजिकल चैयर, सांय 04 से 05 बजे फैन्सी ड्रेस (बाल वर्ग 14 वर्ष तक) 5 से 6 बजे तक रहेगी। दूसरे दिन 3 अगस्त, रविवार को सावन (रेप वॉक) दोपहर 1 से 03 बजे तक (मिस एवं मिसेज वर्ग) लहरिया वेशभूषा थीम पर होगा। नृत्य प्रतियोगिता (मिस व मिसेज वर्ग) दोपहर 03 से 05 बजे तक रहेगा। प्रतियोगिता का समापन समारोह 03 अगस्त को शाम 5:00 बजे आयोजित किया जाएगा।

पौधे लगाए

रेवदर, (निसं)। फाउंडेशन की ओर से बोकी डेरली क्षेत्र में हरियाला रेवदर अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण किया गया।

संस्था के कार्यकर्ता प्रवीण राणा द्वारा इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया गया ग्राम वासियों ने ग्रामसभा के माध्यम से पौधों के संरक्षण जिम्मा लिया। साथ ही सामुदायिक वन अधिकार के मुद्दों पर आवश्यक चर्चा की गई। फाउंडेशन के प्रधान कार्यकर्ता बृजमोहन शर्मा ने बताया कि जल्द वन अधिकार पत्र दिलवाने हेतु समुचित कार्रवाई प्रशासन मिलकर की जावेगी।

रूफटॉप सोलर लगाने से बिजली बिल कम

पाली, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पाली जिले में रूफटॉप सोलर प्लांट्स की स्थापना को लेकर घरेलू उपभोक्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। योजना के तहत 13 फरवरी 2024 से 29 जुलाई 2025 तक पाली जिले के 12 हजार194 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किए गए हैं। जिले में कुल 3 हजार 191 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित हुए हैं, जिनमें से एक हजार 171 सोलर प्लांट्स प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगाए गए हैं।

डिस्कॉम अधीक्षण अभियंता अजय माथुर ने बताया कि गर्मी के मौसम में इन सोलर प्लांट्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिली है, जिससे लोगों में योजना के प्रति जागरूकता और सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा निर्धारित सब्सिडी का लाभ भी उपभोक्ताओं को प्राप्त हो रहा है, जिससे योजना की लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिले में 2 हजार 813 आवेदनों का वेंडर चयन पूर्ण हो चुका है और संबंधित कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि पाली जिले के 25 सहायक अभियंता कार्याल